..K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA-203131

© 7055617841
E-mail : akppgcollege@gmail.com

Ref. No. :

Dated 12/10/2023

## षष्ठम-स्मरण-पत्र

सेवा में,

कुलपति
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ

**विषय : कौशल विकास पाठ्यक्रमों की स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कालेज के पत्रांकः 162/skill dev./2022-23 दिनांक 05.07.2022, पत्रांकः 187/39/2022-23 दिनांक 19.07.2022, पत्रांकः 205/skill Dev./2022-23 दिनांक 05.08.2022 एवं पत्रांकः 240/39/2022-23 दिनांक 05.09.2022, पत्रांकः 41/Skill Dev./2023-24 दिनांक 10.07.2023 एवं पत्रांकः 238/Skill Dev./2023 दिनांक 26.09.2023 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें (छायाप्रति संलग्न)। उक्त पत्रों के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं के कौशल को उन्नत करने तथा उनको रोजगार प्रदान करने हेतु आगामी सेमेस्टर से निम्न छः कौशल विकास पाठ्यक्रमों को शुरू करने की अनुमति चाही थी (निम्न छः पाठ्यक्रम की छायाप्रति संलग्न है) जो अद्यतन कालेज को अप्राप्त है। अतः आपसे पुनः निवेदन है कि निम्न पाठ्यक्रमों को "Board of Studies" से अनुमोदित कराने की कृपा करें, जिससे कि महाविद्यालय में पाठ्यक्रमों को वर्तमान सत्र से प्रारंभ कराया जा सके -

1. Human Physiology and nutrition and dietitics.
2. In Food Preservation, processing & techonology - for I Sem.
3. In Food Preservation, processing & techonology - for II Sem.
4. Clinical Techonology --For I Sem.
5. Clinical Techonology --For II Sem.
6. Clinical Techonology --For III Sem.

भवदीया,

प्रो0 डिम्पल विज
Principal
A.K.P. (P.G.) College
Khurja

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।
क्रमांक 279/Skill Dev./2023 उसी तिथि को

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. डॉ. सोनिका चौधरी, विभागाध्यक्षा-गृहविज्ञान, आर.जी.कालेज. मेरठ, एवं संयोजिका, "Board of Studies" चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्त पाठ्यक्रम-क्र.सं. 1 से 3 तक को अनुमोदित कराने हेतु प्रेषित।
2. डॉ. बिन्दु, विभागाध्यक्ष-जन्तु विज्ञान एवं संयोजिका-"Board of Studies" चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्त पाठ्यक्रम-क्र.सं. 4 से 6 तक को अनुमोदित कराने हेतु प्रेषित।

12.10.2023

प्रो0 डिम्पल विज
Principal
A.K.P. (P.G.) College
Khurja

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

बुधवार दिनांक 29.05.2024 को दोपहर 3:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर कुलपति कार्यालय के भूतल स्थित सेमिनार हाल में Online & Offline माध्यम से चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की आयोजित विद्वत परिषद की बैठक का कार्यसूची :–

---

**मद संख्या–1** विद्वत परिषद की दिनांक 18.01.2024 को ऑफलाईन/ऑनलाईन (Zoom App) के माध्यम से सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की एक प्रति विद्वत परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–1)

**मद संख्या–2** उपाधि विभाग द्वारा प्रस्तुत टीप जिसमें संकायाध्यक्ष आयुर्वेद के पत्र संख्या–5084/शिक्षा/2023-24 दिनांक 26.12.2023 जिसके क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या सम्बद्धता दिनांक 09.01.2024 के पत्र मे प्रभारी उपाधि के लिये उल्लेखनीय है कि मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0यू0एम0एस0, एम0डी0/एम0एस0(यूनानी) तथा बी0ए0एम0एस0, एम0डी0/एम0एस0(आयुर्वेद) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधि निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान हुये है।

उक्त के सम्बन्ध में संकायाध्यक्ष आयुर्वेद/यूनानी से अनुमोदित मूल उपाधियों के प्रारूपों को समयान्तर्गत मुद्रण कराया जाना है। मूल उपाधियों के प्रारूपों का विद्वत परिषद में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।(संलग्नक 2)

**मद संख्या–3** छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर मेरठ द्वारा अग्रसारित विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, विश्वविद्यालय परिसर मेरठ के पत्र जिसमें उन्होंने विभाग में एम0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2023-24) में पंजीकृत छात्रा रीमशी तोमर, पंजीकरण संख्या 23PU000341 के प्रत्यावेदन दिनांक 01.02.2024 संलग्न करते हुये छात्रा को एम0एससी0 (रसायन विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर मे पुनः प्रवेश दिये जाने पर सहानुभूतिपूर्व विचार किये जाने का अनुरोध किया है।

यह अपने आप में एक मात्र प्रकरण नही है। ऐसे बहुत से छात्र/छात्रा जो विभिन्न कारणों से अपने प्रथम सेमेस्टर/वर्ष का परीक्षाफार्म भरने से वंचित रह जाते है पुनः द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाफार्म भर अपना पाठ्यक्रम जारी रखने का अनुरोध करते है।

व्यापक छात्रहित में इस सम्बन्ध में एक स्पष्ट नीति बनाये जाने की आवश्यकता है। ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम सेमेस्टर में अपनी निर्धारित उपस्थिति पूर्ण की है को द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफार्म भर पंजीकृत कराने का अवसर प्रदान करते हुये अपना पाठ्यक्रम जारी रखने का अवसर प्रदान किया जाना उचित होगा, छूटी हुई प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा छात्र अपने अंतिम सेमेस्टर के पश्चात यथा-समय पूर्ण कर सकेगा।

ऐसे छात्र जो प्रथम सेमेस्टर मे निर्धारित उपस्थिति भी पूर्ण नही करते है को अगले वर्ष मे प्रवेश लेने वाले छात्रों के समान ही परीक्षाफार्म भर पंजीकृत होने का अवसर दिया जा सकता है।

चूँकि प्रकरण नीतिगत प्रकृति का है इसलिये आगामी विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक-3)

**मद संख्या–4** मा0 कुलपति महोदया द्वारा साहित्यिक चोरी के सम्बन्ध में बनायी गयी एक समिति की बैठक दिनांक 23.02.2024 को आहूत की गयी बैठक द्वारा अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी है जो विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–4)

**मद संख्या–5** चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ मे आहूत समिति की एक बैठक दिनांक 11.03.2024 को आहूत की गयी। बैठक मे समिति का अभिमत है कि TCS ION, Bombey द्वारा किये गये प्रस्तुतीकरण Industry Honour Course (IHC) में TCS के विकसित डिजिटल प्लेट फार्म TCS ION को प्रथम चरण मे नियमानुसार B.Tech, MCA, B.Sc.(H) (Computer Science), B.Com, BBA, BBA(HA), MBA, MBA(HA) अथवा अन्य पाठ्यक्रमो में जहॉं सम्भव हो पाठ्यक्रमो मे Skill Courses/Value added Course/Minor Courses/Open Elective Courses के अन्तर्गत Course हेतु इच्छुक महाविद्यालय/संस्थान के सहयोग से सत्र 2024–25 से पॉंच अकादमिक सत्रों हेतु संस्तुति की जाती है।

उपरोक्त कार्य हेतु सभी प्रकार के पाठ्यक्रम शुल्क/ इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा वहन किया जायेगा। विश्वविद्यालय की किसी भी प्रकार की वित्तीय देनदारी नही होगी। सम्बन्धी प्रकरण विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–5)

**मद संख्या–6** डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा, सी0ई0ओ0 एण्ड प्रोजेक्ट डायरेक्टर के संलग्न पत्र दिनांक 18.10.2023 द्वारा उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु एक डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सन्दर्भित प्रकरण के सम्बन्ध मे विश्वविद्यालय स्तर से एक समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा दिनांक 21.02.2024 को एक बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से निम्न संस्तुति की गयी है :–

"समिति का अभिमत है कि नालेज हेडस एजूकेशन मैनेजमेंट कन्सल्टिंग कम्पनी प्रा0 लि0 रूड़की रोड मेरठ प्रस्तुत किया गया प्रस्तुतकरण ई0बी0एड0ई0न : अध्यापन शिक्षा हेतु C-DAC द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्म (वेब पोर्टल तथा मोबाईल एप्लीकेशन) को प्रथम चरण में नियमानुसार बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रोजेक्ट/एसाइनमेंट कार्य हेतु इच्छुक महाविद्यालय/संस्थान के सहयोग से सत्र 2024–25 से दो अकादमिक सत्रों हेतु संस्तुति की जाती है। उपरोक्त कार्य हेतु सभी प्रकार के शुल्क इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा वहन किया जायेगा। विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की वित्तीय देनदारी नहीं होगी।" सम्बन्धी प्रकरण विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है।

**मद संख्या–7** विभागाध्यक्ष–इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 03.05.2024 को आयोजित पाठ्यक्रम समिति की ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक के कार्यवृत्त के अन्तर्गत किये गये पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित आंशिक संशोधन किये गये जो विद्वत परिषद में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। (संलग्नक–6)

1. B.A Honours History with Research. Self Finance Course to be completed in 04 years (08 semesters) कोर्स अंगीकार किया गया।
2. B.A. Honours History with Research. Self Finance Course to be completed in 04 years (08 Semesters) अन्तर्गत प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) **Major Discipline Specific Core Course (MJDSCC), Minor Generic Elective Course (MNGEC), Skill Enhancement Course (SEC)** तथा **Value Addition Course (VAC)** पाठ्यक्रमों को स्वीकृत किया गया।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित बीए/बी0कॉम0/बीएससी0 सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु कौशल विकास पाठ्यक्रम/Skill Development के पाठ्यक्रम Media Techniques. Journalism and Mass Communication संशोधन किया गया।
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संचालित बीए0 के पाठ्यक्रम में संचालित बी0ए0(एन0ई0पी0) के निम्नलिखित पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन किये गये:
   बी0ए0(एन0ई0पी0) प्रथम सेमेस्टर कोड संख्या A0501011, सेमेस्टर पंचम कोड संख्या A050502T, सेमेस्टर षष्टम कोड संख्या A050602T एवं कोड संख्या A050603T के पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया।
5. स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित B.A. Honours (History) के सेमेस्टर प्रथम कोड संख्या **BHH1002**, **BHH1003**, सेमेस्टर द्वितीय कोड **BHH2003**, सेमेस्टर तृतीय कोड **BHH3001**, **BHH3002** एवं **BHH3003**, सेमेस्टर चतुर्थ कोड **BHH4002**, सेमेस्टर षष्ठम कोड **BHH6001** के पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया एवं सेमेस्टर चतुर्थ **BHH4003** एवं सेमेस्टर पंचम कोड **BHH5001**, **BHH5002** एवं **BHH5003** के पूर्व के पाठ्यक्रम के स्थान पर नया पाठ्यक्रम जोड़ा गया।
6. इतिहास विभाग में संचालित स्ववित्त पोषित M.A. (NEP) Ancient History, Culture and Archaeology के सेमेस्टर प्रथम कोड **A05A0701T**, **A05A0702T**, **A05A0703T** सेमेस्टर द्वितीय कोड **A05A0801T**, **A05A0802T**, **A05A0803T** सेमेस्टर तृतीय कोड **A05A0901T** के पाठ्यक्रमों में आंशिक संशोधन किया गया।
7. इतिहास विभाग में संचालित M.A. (NEP) History सेमेस्टर प्रथम कोड **A0507021**, **A0507041** सेमेस्टर द्वितीय कोड **A0508021** सेमेस्टर तृतीय कोड **A0509061** एवं सेमेस्टर चतुर्थ कोड **A0510041** के पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया।

**मद संख्या–8** प्रो0 संजीव कुमार शर्मा संकायाध्यक्ष कला/निदेशक(अकादमिक) की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग में दिनांक 02.04.2024 को एक बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:

1. प्रो0 जयमाला, संकायाध्यक्ष विज्ञान।
2. प्रो0 भूपेन्द्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता।
3. प्रो0 विजय जायसवाल, संकायाध्यक्ष–शिक्षा।
4. श्री सत्य प्रकाश, उप कुलसचिव

विश्वविद्यालय परिसर में एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित परास्नातक के छात्रों को माईनर इलेक्टिव विषय के रूप में प्रथम अथवा द्वितीय किसी एक सेमेस्टर में किसी अन्य संकाय का एक विषय अध्ययन करना होता है। कला संकाय के विद्यार्थी प्रायः विज्ञान संकाय के माईनर इलेक्टिव विषयों से अनभिज्ञता के कारण अध्ययन करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

उक्त समस्या के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित सुझाव दिये गये:

1. उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 1267 दिनांक 15.06.2021 के अनुसार भाषा विषयों यथा– हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत को माईनर इलेक्टिव विषय के उद्देश्य से अलग संकाय माना गया है। इसलिए कला संकाय के अधीन मानविकी विषयों में अध्ययनरत छात्र किसी भी भाषा को माईनर इलेक्टिव विषय के रूप में चयन कर सकेंगे।
2. एन0ई0पी0–2020 की बहुविषयात्मकता की अवधारणा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया कि परास्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र अपने मुख्य विषय के अतिरिक्त किसी भी अन्य विषय को माईनर इलेक्टिव

पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सकेगा। अर्थात छात्र को अपने ही संकाय के अन्य विषय के अन्तर्गत संचालित माईनर इलेक्टिव पाठ्यक्रम का अध्ययन करने का भी अधिकार होगा।

प्रकरण विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक-7)

**मद संख्या–9** प्राचार्या, कु0 मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्धनगर के पत्र दिनांक 13.04.2024 द्वारा उन्होंने छात्रहित में बी0वॉक (एम0एम0डी0टी0) का नाम परिवर्तित करते हुये बी0वॉक (एम0एल0टी0) किये जाने का अनुरोध किया गया है।

प्राचार्या द्वारा अपने पत्र में अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2018 में बी0वॉक (एम0एम0डी0टी0) कोर्स आवंटित किया गया था। जिसे नियमानुसार 2018 में चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान की गयी थी तब से सन्दर्भित पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है बी0वॉक(एम0एम0डी0टी0) कोर्स का पहला बैच 2020 में उत्तीर्ण हुआ अब छात्राओं ने पी0जी0 तथा रोजगार के लिये आवेदन किया तब संज्ञान में आया कि यह कोर्स कई विश्वविद्यालय में (बी0एच0यू0, एस0आर0एम0यू0, आई0यू0एस0टी0) में बी0 वॉक (एम0एल0टी0) कोर्स से संचालित है। जिस कारण से छात्राओं का पी0जी0 में प्रवेश नही हो पा रहा है तथा रोजगार में भी कठिनाई हो रही है। बी0वॉक(एम0एम0डी0टी0) का नाम परिवर्तित कर बी0वॉक (एम0एल0टी0) किये जाने हेतु महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पत्र प्रेषित किया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने अपने पत्र दिनांक 07.02.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि कोर्स नाम परिवर्तन सम्बद्धता प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय की अनुमति से किया जायेगा। जो विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक-8)

**मद संख्या–10** विश्वविद्यालय में विभिन्न/पाठ्यक्रमों विषयों के सेलेबस संवर्धन, आर्डिनेन्स, नियम इत्यादि के सम्बन्ध में बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा लिये गये निर्णयानुसार पाठ्यक्रमों/विषयों के संवर्धन सिलेबस इत्यादि का निम्न विवरणानुसार अनुमोदन प्रदान किया जाना। जो विद्वत परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक 10)

| S.No. | Date of B.O.S. | Subject |
|---|---|---|
| 01. | 31-01-2024 | पाठ्यक्रम समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर योग विज्ञान में अकादमिक सत्र 2024-25 से निम्नलिखित 04 कौशल विकास (स्किल डिवलपमेंट) एवं 02 मूल्य संवर्धित (वेल्यु एडेड) पाठ्यक्रमों की समय अवधि, पाठ्यक्रम शुल्क, सीटों की क्षमता, प्रवेश अर्हता निर्धारित की गयी है। |
| 02. | 03-02-2024 | Syllabus for Education (University Campus & Affiliated Colleges) approve the Convener, External and Internal Examiners for B.Ed.-Ist (Session 2023-25) Practical examination along with slight modification (Maximum duration three years for completing the course) in B.Ed. and M.Ed. Ordinances as per NCTE Norms. |
| 03- | 07-02-2024 | Syllabus for Zoology (University Campus & Affiliated Colleges) 1. C.C.S. University Campus B.Sc. Hons. Zoology (NEP), M.Sc. Forensic Science (NEP) in the deptt. of Zoology framing of syllabus and approval for the eligibility<br>2. Change of M.Sc. Environmental Science (CBCS) to M.Sc. Environmental (NEP) framing of syllabus and approval for the eligibility<br>3. Approval for Minor changes in the existing syllabus of M.Sc. Zoology and Approval for starting fo new specialization i.e.Eaxonomy in Zoology and list of examiners for practical as wel as theory (paper setting etc.)<br>4. starting of Clinical Technology in A.K.P. (PG) College Khurja, BA I Sem. B.A. II Sem.and B.A. III Sem. for development course |
| 04- | 29-02-2024 | Syllabus for Ph.D. Course Work Programme in Engineering Session 2023-24<br>1. For Ph.D. (Computer Science & Engineering)<br>2. For Ph.D. (Electronics & Communication Enginnering)<br>3. For Ph.D. (Agricultural Engineering) |
| 05- | 03-05-2024 | Syllabus for M.F.A (Master in Fine Art) Drawing and Panting |

| | | |
|---|---|---|
| 06- | 07-05-2024 | Syllabus of Law (University Campus and Affiliated College |
| 07- | 08-05-2024 | Syllabus for B.A.(Honours) four year in Sociology for university campus Developed and approved. Also resolved the major and minor courses (B.A.(Hons.) 1st Year: 1st & 2nd Semester: (A). Three Major discipline-Specific Core Course (MJDSCC) (B). One Minor Generic Elective Course (MNGEC) |
| 08- | 08-05-2024 | Syllabus for FYUG B.A.(Honours) Political Science Course |
| 09- | 08-05-2024 | Syllabus for B.A./B.Sc.(Honours) Geography (NEP) |
| 10- | 09-05-2024 | Syllabus for B.A.(Honours) Englsh Four years programme. B.A. NEP(ODL) Distance Eduction |
| 11- | 09-05-2024 | Syllabus for B.Sc.(Honours) Botany |
| 12- | 14-05-2024 | Syllabus of first four Semesters of four year B.Sc. (Honours) in Statistics Programme to be implemented from the Session 2024-25. A list of Value added courses of Swayam Portal related to Statistics & a list of external examiners for the Purpose of Paper Setting & Practicals etc. |
| 13- | 15-05-2024 | Syllabus of first four Semesters of four year B.Sc. (Honours) in Mathematics Programme to be implemented from the Session 2024-25. A list of Value added courses on MOOCs Portal & a list of external examiners have also been approved. |
| 14- | 16-05-2024 | Syllabus of B.A. Hindi (Honours) & M.A. Hindi Programme to be implemented from the Session 2024-25. |
| 15- | 22-05-2024 | Syllabus of Commerce:- Master of International Business (MIB) Programme to be implemented |
| 16- | 29-05-2024 | BBA. MBA. B.Com..M.Com. ODL Syllabus. |

**मद संख्या–11 मा0 कुलपति महोदया की अनुमति से अन्य मद।**

28-05-2024

कुलसचिव

सचिव, विद्वत परिषद